# होली के रंग में रंगी खाकी, आईजी, एसपी ने जवानों के साथ डांस किया



बीकानेर पुलिस लाइन में धुलंडी पर रेंज आईजी ओमप्रकाश मेघवाल और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर, एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने पुलिस जवानों के साथ रंग गुलाल से होली खेली।

- **पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने रेंज आईजी और एसपी के साथ होली खेली और गुलाल लगाई**

**बीकानेर,**(कासं)। होली और धुलंडी के मौके पर दो दिन तक कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालने के बाद खाकी आज होली के रंग में रंगी नजर आई। बीकानेर पुलिस लाइन में पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने हर्षोल्लास के साथ होली खेली।

इस मौके पर रेंज आईजी ओमप्रकाश मेघवाल और पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर, एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने भी होली मनाने रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे और फिल्मी और राजस्थानी गानों पर आईजी, एसपी और पुलिस के सभी जवानों के साथ जमकर डांस किया। पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने रेंज आईजी और एसपी के साथ होली खेली और गुलाल लगाई।

आईजी ओमप्रकाश ने कहा कि हर त्योहार पर पुलिस के अधिकारी और जवान कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालते हैं। इसलिए खुद कोई त्योहार नहीं मनाते हैं। धुलंडी के अगले दिन पुलिस की होली मनाई जाती है। होली हो या दिवाली यही एक त्योहार है, जिसे पुलिस के अधिकारी और जवान साथ सेलिब्रेट कर पाते हैं। पुलिसकर्मियों के साथ ही प्रदेशवासियों को भी होली की शुभकामनाएं दी। वहीं एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने कहा कि हमारे जवानों ने पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करके आज हम लाइन पुलिस में अपने अधिकारियों और जवानों के साथ जमकर होली खेल रहे हैं। दो दिन कानून व्यवस्था को संभालते हुए ताकि आमजन आराम से होली खेल सकें। हम अपनी ड्यूटी करके आज हम होली की मस्ती में सराबोर है। होली का त्योहार हर्ष और उल्लास से मनाया गया।

एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने कहा कि हम दो दिन से बीकानेर में कानून व्यवस्था संभालते हुए शांतिपूर्वक होली के त्यौहार को अपनी ड्यूटी के साथ निभाया। आज हम अधिकारियों और जवानों के साथ होली खेल रहे हैं। सभी को होली की शुभकामनाएं दी। रिजर्व पुलिस लाइन के साथ ही बीकानेर के सभी थानों में भी होली का त्योहार मनाया गया।

**साथी की मौत पर होली नहीं मनाई** : बज्जू पुलिस ने अपने दिवंगत साथी कांस्टेबल रिछपाल के सम्मान में इस वर्ष होली का पर्व नहीं मनाया। यह निर्णय कांस्टेबल रिछपाल की थाना परिसर में हुई असामयिक मृत्यु के बाद लिया गया। बज्जू थाना में आमतौर पर होली के दूसरे दिन फाग खेलने और ग्रामीणों द्वारा रामा-सामा करने की परंपरा रही है। हालांकि 28 नवम्बर 2025 को थाना परिसर स्थित सीएलजी भवन में गिरने से कांस्टेबल रिछपाल का निधन हो गया था। कांस्टेबल रिछपाल 1998 बैच के पुलिसकर्मी थे और पिछले लगभग डेढ़ से दो साल से बज्जू थाने में कार्यरत थे।

थानाधिकारी जगदीश पंडार ने बताया कि पुलिसकर्मी भले ही अलग-अलग परिवारों और स्थानों से आते हो लेकिन वे राजकीय कार्यों का निर्वहन करते समय एक परिवार के सदस्य के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जब परिवार के किसी सदस्य पर संकट आता है तो पूरा परिवार प्रभावित होता है। पंडार ने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों ने अपने दिवंगत साथी कांस्टेबल रिछपाल को श्रद्धांजलि देते हुए इस बार होली का पर्व नहीं मनाया।

## नशे की गोलियां बेचते पकड़ा

**गजसिंहपुर,** (निसं)। गजसिंहपुर के वार्ड नंबर 2 में लम्बे समय से पोस्त, नशीली गोलियों व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही थी। पुलिस ने एक जने को नशीली गोलियां बेचते गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अमृता दुहन के निर्देश पर चलाये अभियान में सुरेश बिश्नोई प्रशिक्षु आरपीएस थानाधिकारी पुलिस थाना गजसिंहपुर के निर्देशन में गुलाराम एएसआई मय टीम ने राजेन्द्र कुमार उर्फ गिगी पुत्र राजकुमार अरोड़ा 55 साल निवासी वार्ड नंबर 02 गजसिंहपुर को 7960 अवैध नशीली गोलियां टेपेंटाडोल सहित पकड़ा। ड्रग्स इंस्पेक्टर सुखदीप कौर को सूचना दी गई। ड्रग्स इंस्पेक्टर के आने के बाद पुलिस थाना गजसिंहपुर व ड्रग्स इंस्पेक्टर ने राजेन्द्र कुमार उर्फ गिगी सब्जी विक्रेता के विरूद्ध संयुक्त कार्रवाई की।

राजेन्द्र कुमार उर्फ गिगी को पूर्व में भी पोस्त बेचते पकड़ा गया था। इसके बावजूद उसने नशा बेचने का अपना धंधा जारी रखा। लम्बे समय से पुलिस को उसके बारे में नशा बेचने की सूचनाएं मिल रही थी परन्तु वो पकड़ में नहीं आ रहा था। इस बार पुख्ता सूचना मिलने पर उसे नशीली गोलियों सहित पकड़े जाने पर गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई में ईश्वर लाल हैड कानि. 122 की व अन्य पुलिस कर्मियों की अहम भूमिका रही।

# प्रेम प्रसंग का मामला, घर में घुसकर लाठी-डंडों से युवक पर हमला

- **युवक का एक युवती से प्रेम प्रसंग था, वह करीब 10 महीने तक युवती के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहा लेकिन तीन महीने पहले वह युवती से अलग होकर अपने घर लौट आया था**
- **इस रिश्ते के कारण युवती के परिवार के सदस्य उनके परिवार से रंजिश रखने लगे थे**

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ के 92 जीबी क्षेत्र में एक युवक पर घर में घुसकर बेरहमी से हमला किया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।

इस मामले में घायल युवक के भाई निशान सिंह पुत्र लख्खा सिंह ने मंगलवार को अनूपगढ़ पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। निशान सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके छोटे भाई सुखविंदर सिंह का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। सुखविंदर करीब 10 महीने तक युवती के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहा था। लेकिन तीन महीने पहले वह युवती से अलग होकर अपने घर लौट आया था। निशान सिंह का आरोप है कि इस रिश्ते के कारण युवती के परिवार के सदस्य उनके परिवार से रंजिश रखने लगे थे।

निशान सिंह के अनुसार तीन दिन पहले शाम करीब 8:30 बजे सुखविंदर सिंह ट्रैक्टर लेकर घर आ रहा था। रास्ते में युवती के परिजनों और उनके साथ आये कुछ अन्य लोगों ने उसका रास्ता रोककर ट्रैक्टर से नीचे उतारने और मारपीट करने की कोशिश की। हालांकि सुखविंदर उनके चंगुल से बचकर अपने घर पहुंचने में सफल रहा।

इसके बाद रात करीब 10:15 बजे 15-20 लोग लाठी-डंडों और सरियों के साथ जबरन उनके घर में घुस आए। सभी आरोपियों ने सुखविंदर सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में सुखविंदर के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।

निशान सिंह ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उनकी पत्नी के कानों से सोने की बालियां छीन ली और घर में पत्थर फेंके। आरोपियों ने घर में रखे 50,000 रूपये नकद भी निकाल लिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने घर में तोड़फोड़ करते हुए ट्रैक्टर की लाइटें, एयर कंडीशनर, ट्रक के शीशे और खिड़कियां तोड़ दी।

उन्होंने मोटरसाइकिल और स्कूटी को भी नुकसान पहुंचाया और डीजल का ड्रम उलटकर लगभग 230 लीटर डीजल जमीन पर गिरा दिया। आरोपियों ने कपड़ों पर डीजल डालकर आग लगाने का भी प्रयास किया। परिवार के सदस्यों ने अपनी जान बचाने के लिए छत पर चढ़कर शरण ली।

निशान सिंह ने तुरंत कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बंद मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 32 में एक बंद घर में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने घर से सोने-चांदी के गहने और 50 हजार रूपए नकद चुरा लिए।

यह घटना तब हुई जब घर मालिक सतीश शर्मा अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गए हुए थे। सतीश शर्मा (39) पुत्र उदयराम शर्मा ने बताया कि 1 मार्च को उनके पड़ौसी ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा खुला है और सामान बिखरा हुआ है। सूचना मिलने पर सतीश शर्मा 2 मार्च को अपने घर अनूपगढ़ लौटे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि कमरों के दरवाजों के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने व चांदी के गहने और 50 हजार रूपए नकद चुरा लिए थे।

चोरी हुए सामान में 1 सोने की चेन, 1 सोने की नथ, 1 सोने का टीका, 1 सोने की अंगूठी, 2 सोने के कोका, 3 जोड़ी चांदी की पायजेब, 8 चांदी के सिक्के और 7 जोड़ी चांदी की बिछिया शामिल हैं। सतीश शर्मा ने अनूपगढ़ थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया है।

# घर में घुसकर जान से मारने की धमकी

- **होली की संध्या पर मोडायत में दो पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई हुई थी**
- **एक पक्ष ने बाहर से 30-40 लोगों को बुला लिया, बदमाशों ने बंदूक दिखाकर धमकाया**

**बज्जू,** (कासं)। ग्राम मोडायत में होली की शाम दो पक्षों के बीच हाथापाई के बाद घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बज्जू थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने शांति भंग के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार होली की संध्या पर मोडायत में दो पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई हुई थी। एक पक्ष ने बाहर से लोगों को बुला लिया। जिससे मामला आपसी संघर्ष तक जा पहुंचा। आक्रोशित ग्रामीणों ने बाहरी लोगों की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलने पर बज्जू पुलिस के उपनिरीक्षक सोमदास मौके पर पहुंचे और एक बोलेरो कैम्पर गाड़ी जब्त की। उन्होंने चार लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

मोडायत के चक 7 एमडीएम निवासी सूरजाराम पुत्र बीरबलराम बिश्नोई ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 3 मार्च की शाम करीब 06:45 बजे उनकी पत्नी घर पर अकेली थी। इसी दौरान सुनील, श्रीराम, भंवरलाल, सहीराम, मांगीलाल, भैराराम बिश्नोई सहित 30-40 अन्य व्यक्ति पांच गाड़ियों में आए। आरोपियों ने उनकी पत्नी का गला पकड़ लिया और बंदूक दिखाकर पूछा कि उनका पति कहां है, उसे आज मार देंगे। पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ौसी कपिल और मनोज को आते देख सभी आरोपी मौके से भाग गए। जाते-जाते उन्होंने सूरजाराम को जान से मारने की धमकी भी दी। सूरजाराम ने अपनी और अपने परिवार के सदस्यों की जान को खतरा बताते हुए मामला दर्ज करवाया है।

# स्कूल में सोलर इन्वर्टर के लिए 10 लाख मंजूर

- **राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनपुरी दक्षिण विस्तार को सौर ऊर्जा की सौगात मिली**

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवनपुरी दक्षिण विस्तार बीकानेर में भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने विद्यालय में निर्बाध बिजली आपूर्ति और आधुनिक तकनीकी संसाधनों के संचालन हेतु सासंद निधि से 10 लाख रूपये की राशि सोलर इन्वर्टर सिस्टम के लिए स्वीकृत की है।

विद्यालय की प्राचार्य रचना गुप्ता ने मेघवाल के निर्णय पर आभार व्यक्त करते हुए बताया कि बीकानेर की भीषण गर्मी के दौरान बिजली कटौती से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती थी। अब सोलर इन्वर्टर सिस्टम लग जाने से स्कूल को निर्बाध बिजली की उपलब्धता रहेगी। इससे न केवल पंखे और लाइटें सुचारू रूप से चलेंगी बल्कि कंप्यूटर एवं अन्य उपकरणों का उपयोग भी बिना किसी रूकावट के हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल से विद्यालय को भारी-भरकम बिजली बिलों से भी हमेशा के लिए निजात मिल जायेगी। जिससे बचा हुआ बजट अन्य शैक्षणिक कार्यों में उपयोग किया जा सकेगा। इस सोलर कार्य की स्वीकृति में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। तेज स्पीड में आ रही बाइक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बुजुर्ग उछलकर सिर के बल सड़क पर गिरे।

आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर आये और बुजुर्ग को संभाला। बाइक सवार मौके से फरार हो गया। बुजुर्ग का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। उनके पैर और सिर में चोटें आई हैं। मामला पदमपुर के वार्ड नंबर-23 स्थित पीरखाने के पास सोमवार शाम 6:15 बजे का है। बुजुर्ग के परिजनों ने पदमपुर थाने में शिकायत दी है। वार्ड नंबर-6 निवासी बुजुर्ग सतपाल सोनी अपने पड़ौस में रहने वाली महिला के साथ बाजार जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। बुजुर्ग कॉलोनी की सड़क पर पैदल जा रहे थे, तभी सामने से बाइक सवार तेज स्पीड में आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही है।

# रियासतकालीन परंपरा के साथ हुआ होलिका दहन

- **सूरतगढ़ नगर पालिका ने कराया आयोजन, लठमार व गेहूं-चना सेंकने की रस्म निभाई**

**सूरतगढ़,** (कासं)। रियासतकालीन परंपरा के अनुसार सोमवार रात को होलिका दहन समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिका द्वारा सैनी मोहल्ला स्थित प्राचीन मीठा कुआं के पास यह आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह भक्त प्रहलाद स्तंभ की स्थापना के साथ हुई। दिनभर महिलाओं ने होलिका की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और पारंपरिक पकवान अर्पित किए। राजा-महाराजाओं के समय से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए थानापति परिवार के पंडित महेन्द्र थानापति ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया। रात्रि 8:50 बजे के शुभ मुहूर्त में विधिवत होलिका दहन की रस्म पूरी की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुनील सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी महावीर सैनी और पूर्व पार्षद संदीप सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने होलिका में अग्नि प्रज्वलित की। परंपरा के अनुसार भक्त प्रहलाद स्तंभ को जलती होली के चारों ओर घुमाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। इसके उपरांत लठ मारकर अग्नि को बिखेरने की प्राचीन रस्म भी निभाई गई।

होलिका दहन के दौरान उपस्थित लोगों में उत्साह देखा गया। परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं ने जलती होलिका में गेहूं और चने की फलियां सेकी। कई लोग शुभ मानकर होलिका के अंगारे अपने घरों को ले गए। इस समारोह में व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सिडाना, समाजसेवी गौरीशंकर मोदी, वरिष्ठ स्वर्णकार मोहनलाल सोनी और ओमप्रकाश झंवर सहित पुराने बाजार के अनेक प्रमुख नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व पार्षद सुनील सैनी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन परंपरा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बना।

गजसिंहपुर में रंगों का पर्व होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। सुबह से ही महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने एक-दूसरे को रंग, गुलाल और अबीर लगाकर शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर ने चंग पर थाप लगाई और लोक गीतों का आनंद लिया



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने अपने आवास पर आयोजित होली स्नेह समारोह में नागरिकों के साथ चंग पर थाप लगाई।

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि मंगलवार को होली के रंगों में रंगी दिखाई दी। वृष्णि ने चंग पर थाप लगाई और लोक गीतों का आनंद लिया।

अवसर था जिला कलेक्टर निवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह का। जिला कलेक्टर निवास पर होली का पर्व परंपरागत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, अधिकारियों, कर्मचारियों और पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ आरएएस अधिकारी उम्मेद दान रत्नू, जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य, गोपाल जोशी, मोहन सुराणा तथा श्यामसुंदर चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस दौरान जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का पर्व है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि त्योहारों के माध्यम से समाज में भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें तथा पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित और सादगीपूर्ण होली मनाएं। उन्होंने बीकानेर की होली को देशभर में विशेष और अलहदा बताया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और रंगीन बना दिया। बाबूलाल छंगाणी ने लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं बसंत ओझा ने नाक से बांसुरी बजाकर अपनी अनूठी कला का प्रदर्शन किया। उपस्थित जनों ने ठुमके लगाकर होली का आनंद लिया। महाजन कस्बे और आसपास के ग्रामीण अंचलों में रंगों का त्योहार होली बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को चन्द्र ग्रहण के कारण लोगों ने एक दिन बाद धुलंडी मनाई। सामाजिक समरसता के प्रतीक होली पर क्षेत्र के सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर मस्ती के साथ उत्सव मनाया। युवाओं और बुजुर्गों ने सुबह से ही एक-दूसरे को रंग लगाना शुरू कर दिया था। सोमवार को होलिका दहन के बाद, दहन स्थल पर पुरानी मान्यता के अनुसार सबसे पहले तेजाजी महाराज की चंग पर धमाल गाई गई। इसे खेती-बाड़ी के लिए शुभ माना जाता है। युवा टोलियों ने एक-दूसरे के घरों में जाकर रंग लगाया।

## साध्वी त्रिशला कुमारी ने दायित्व संभाला

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर स्थित शांति निकेतन सेवा केन्द्र में बुधवार को सेवा हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया गया। आचार्य महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी त्रिशला कुमारी (ठाणा 8) ने विधिवत रूप से सेवा केन्द्र व्यवस्थापिका के रूप में अपना नया दायित्व ग्रहण किया।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में धर्म संघ की वृद्ध साध्वियों की सेवा को ईश्वरीय कार्य बताया। शान्ति निकेतन सेवा केन्द्र तेरापंथ धर्म संघ के वृद्ध अवस्था प्राप्त साध्वियों का केन्द्र है। उन सभी साध्वियों की सेवा के लिए आचार्य श्री प्रतिवर्ष साध्वियों के समूह को भेजते हैं। व्यवस्थापिका साध्वी श्री त्रिशला कुमारी ने प्रातः 8:15 बजे आचार्य श्री तुलसी समाधि स्थल से विहार कर सेवा केन्द्र में प्रवेश किया। उन्होंने तेरापंथ धर्म संघ को सेवा, समर्पण और सौहार्द की एक अनुपम मिसाल बताया।

## सार-समाचार

### अबीर, गुलाल लगा होली खेली

**नोखा,** (कासं)। रंगों का त्योहार होली बुधवार को नोखा शहर में हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गलियों, चौक और मोहल्लों में फाल्गुन की मस्ती छाई रही। बच्चे पिचकारी और रंगों की थैलियां लिए टोलियां बनाकर निकले। वहीं युवा डीजे और ढोल की धुन पर झूमते दिखाई दिए। शहर के प्रमुख चौराहों पर युवाओं ने खूब ठुमके लगाए। होली है... के जयकारों के साथ लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। कई स्थानों पर पारंपरिक मिट्टी होली का आयोजन भी हुआ, जहां पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार उत्सव मनाया गया। घरों में सुबह से ही गुझिया, मठरी और अन्य पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए थे। लोगों ने मेहमानों का स्वागत ठंडाई और मिठाईयों से किया। बुजुर्गों ने नई पीढ़ी को आशीर्वाद देकर आपसी मेलजोल की परंपरा को आगे बढ़ाया। त्योहार को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए शहर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई, जिसके परिणामस्वरूप पूरे दिन कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। दोपहर तक रंगों की खुमारी छाई रही और शहर में सौहार्द, भाईचारे तथा उमंग का वातावरण बना रहा। फाल्गुन की इस मस्ती ने एक बार फिर यह साबित किया कि नोखा में होली केवल रंगों का नहीं बल्कि रिश्तों को मजबूत करने का पर्व है।

### घर व दुकान से अवैध शराब जब्त

**जसरासर,** (कासं)। पुलिस ने उड़सर गांव में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने घर और दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त की। इस मामले में उड़सर निवासी सुरेश कुमार बिश्नोई के खिलाफ राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जसरासर पुलिस के अनुसार मंगलवार को थाना अधिकारी गौरव सारस्वत (आईपीएस) को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया कि सुरेश कुमार बिश्नोई के घर और दुकान में अवैध शराब रखी हुई है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान दुकान में रखे फ्रिज और एक कमरे से बड़ी मात्रा में शराब और बीयर बरामद हुई। जसरासर पुलिस ने जब्त की गई शराब को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी सुरेश कुमार बिश्नोई के खिलाफ राजस्थान आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस यह पता लगा रही है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई को थाना अधिकारी गौरव सारस्वत के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में बलवान, सुमित कुमार, दीपाराम, कैलाश, हीराराम और महिला कांस्टेबल सुनीता सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### लखोटिया बास में गणगौर पूजन शुरू

**नोखा,** (कासं)। लखोटिया बास क्षेत्र में गणगौर पूजन पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ किया जा रहा है। सुबह के समय गली-मोहल्लों में 'उठी-उठी गवर निंदाड़ो खोलष्ठ और बाड़ी री किवाड़ी खोल, छोरियां आई गवर पूजणेष्ठ' जैसे पारंपरिक गणगौर गीतों की मधुर गूंज सुनाई दे रही है। कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना से और नवविवाहित महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु के लिए विधिवत पूजन कर रही हैं। यह पूजन धुलंडी के दिन होलिका की राख से पिंडोलियां बनाकर मिट्टी के पालसियों में गणगौर स्थापित करने के साथ शुरू होता है। इसके बाद 16 दिनों तक गणगौर का विधिवत पूजन किया जाता है। लखोटिया बास में आयोजित इस पूजन में शिवानी बजाज, छवि लखोटिया, राशि लोहिया, मिली तोषनीवाल, सारिका लोहिया, अंबिक झंवर, शिवानी लाहोटी, कोमल सोनी, प्रीति सोनी, चांदनी लाहोटी, अंजलि गट्टानी, आरती शर्मा, मेघना शर्मा, भावना लखोटिया, कोमल चांडक, ज्योति चांडक, निराली झंवर, कोमल बहेती, पूजा मूंधड़ा, पूजा सोनी, अनुश्का सोनी, जया सोनी, आयुषी, महिमा, हर्षिता, प्रिंसी, ओझु, चीकू, दिया और भाविका सहित अनेक बालिकाओं व महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

### चंद्र ग्रहण पर मंदिर के पट बंद

**कक्कू,** (कासं)। यहा गांव स्थित ठाकुरजी मंदिर के पट बंद होने के बावजूद श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था बनाए रखी। मंदिर में दर्शन नहीं कर पाने पर भक्तजन मंदिर परिसर के पास बने विश्राम स्थल, पारीक चौक में एकत्रित हुए और सामूहिक भजन-कीर्तन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने ढोलक, मंजीरे और हारमोनियम की संगत में भगवान के भजनों का गुणगान किया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ। कई श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी भजन-कीर्तन कर प्रभु का स्मरण किया। इस अवसर पर राधेश्याम राकावत पार्टी और सुरेंद्र दाया बीकानेर पार्टी ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। भजनों पर श्रद्धालु झूमते और जयकारे लगाते हुए देखे गए जिससे वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में अशोक पारीक, जुगल पारीक, मघाराम कुम्हार, डूंगराम सुथार, रामदयाल घंटियाला, मूलचंद पारीक और गिरधारी साध सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। इस आयोजन में रिंकू रांकावत का भी विशेष सहयोग रहा। गांववासियों ने ऐसे धार्मिक आयोजनों को सामाजिक एकता और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रतीक बताया।

### पारा 33 डिग्री पार, तेज गर्मी शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। होली के साथ ही श्रीगंगानगर जिले में तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया है। दिन का तापमान 33 डिग्री पार कर गया है। रात के समय भी गर्मी का अहसास होने लगा। 7 जनवरी के बाद तेज गर्मी पड़ेगी। पिछले कई दिनों से जिले में मौसम भी ड्राई बना हुआ है और मौसम साफ है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या भी बढ़ गई है। लोग अब गर्मी से राहत के लिए दिन में पंखों का सहारा लेने लगे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च के पहले हफ्ते में ही इतनी तेज गर्मी पड़ना असामान्य नहीं है, लेकिन होली के बाद गर्म हवाओं (लू) का दौर शुरू होने की संभावना है। अगले कुछ दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे दिन का पारा 38-40 डिग्री तक पहुंच सकता है।

### मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

**अरजनसर,** (कासं)। कस्बे के नजदीकी गांव नया खानीसर गांव में गुरूवार को ठाकुरजी मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ मंदिर की नींव रखी गई। शास्त्री नारायण शर्मा के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण में तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। हंसराज स्वामी ने बताया कि गांव में ठाकुरजी मंदिर निर्माण का सपना लम्बे समय से देखा जा रहा था, जिसे अब साकार किया जा रहा है। यह मंदिर 51 फीट ऊंचा बनेगा और इसकी अनुमानित लागत 27 लाख रूपये होगी। इस अवसर पर ओमप्रकाश सारस्वा, सुदेश कुमार शर्मा, अनताराम सारस्वा, ख्यालीराम झोरड़, रुघाराम कड़वा, प्रदीप मोट, वेदप्रकाश शर्मा, रामसिंह गोदारा, पृथ्वीराज गोदारा, भारूराम कस्वा, राकेश सेन, हंसराज कड़वा, कालूराम कड़वा, देवकरण कस्वा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्याम फाग महोत्सव का समापन

**सूरतगढ़,**(कासं)। श्री श्याम सखा व महिला मंडल की ओर से आयोजित 22 दिवसीय श्री श्याम सतरंगी फाग महोत्सव का भव्य समापन सम्मान समारोह के साथ मंगलवार रात को किया गया। समापन अवसर पर सहयोगियों को सम्मानित किया गया और बाबा श्याम के सानिध्य में गुलाल, पुष्प, इत्र व चंदन की होली का श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद लिया। आदर्श कॉलोनी में आयोजित महोत्सव का शुभारंभ श्री श्याम दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मुख्य यजमान वीणा देवी बवेजा, दीपा बवेजा एवं मंडल अध्यक्ष सोनू-सुजाता बवेजा ने आगाज किया। श्री रामदेव मंदिर के पुजारी पंडित मोहन उपाध्याय और मंडल के पंडित पवन ओझा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया। मंडल के भजन गायक दिनेश सागर, राजपाल स्वामी, शिवम कुमार, पायल सेठिया, बाल कलाकार जयश्री झंवर व अशोक भार्गव ने सुमधुर प्रस्तुतियों से हजारों श्रद्धालुओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने लगभग 1 क्विंटल गुलाल, पुष्प व इत्र से होली खेली। चंदन अखाड़ा विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। शुभम डांस एकेडमी के निदेशक शुभम स्वामी के नेतृत्व में कलाकारों ने श्रीकृष्ण-सुदामा एवं श्याम बाबा की मनोहारी झांकियां प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में मंडल के गायकों, संगीत एवं श्रृंगार टीम सहित सभी सहयोगियों को सम्मानित किया गया।